# 1 प्रैक्टिस टेस्ट पेपर

## खण्ड ( अ ) बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1. किसी क्रिया को उत्तम अधिगम प्रविधि में परिवर्तित करने के लिए सदैव आवश्यकता होती है–**

(a) मानसिक व्यायाम की
(b) एक परीक्षण की
(c) एक वास्तविक शिक्षा के उद्देश्य की
(d) शिक्षक द्वारा संवर्द्धित अधिगम की

**2. शोध रिपोर्ट लिखते समय शोधकर्ता को–**

(a) वाक्य के आरम्भ में अंकों का प्रयोग नहीं करना चाहिए
(b) अपनी शोध रिपोर्ट के उद्देश्यानुसार क्रम को वैज्ञानिक ढंग से लिखना चाहिए
(c) शोध अध्ययन से मिलते-जुलते शोधकार्यों के परिणामों से तुलना करनी चाहिए
(d) उपरोक्त सभी

**3. एक शोधकर्ता कांग्रेस (I) के भविष्य के विषय में शोध अध्ययन करना चाहता है। उसके लिए निम्न दिए गए उपकरणों में से कौन-सा उपकरण सर्वाधिक उचित है?**

(a) प्रश्नावली (b) अनुसूची?
(c) साक्षात्कार (d) रेटिंग स्केल

**4. शिक्षक/शिक्षिका बनने पर मेरा प्रयास होगा कि–**

(a) प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या मेरी रुचि के अनुकूल कार्य प्रदान करें
(b) प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या मेरे विचारों को महत्व प्रदान करें
(c) प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या मेरा यथोचित सम्मान करें
(d) समय-समय पर प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या मुझे आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करें

**5. भारत का सबसे साक्षर प्रदेश है–**

(a) पंजाब (b) मध्य प्रदेश
(c) कर्नाटक (d) केरल

**6. एक विद्यालय के प्रधानाचार्या को–**

(a) पूर्ण स्वतन्त्रता है कि वह अपने निर्णयों को कठोरता पूर्वक विद्यालय में लागू करे
(b) चाहिए कि जो भी निर्णय ले वह अध्यापक के साथ विचार-विमर्श के उपरान्त ही ले
(c) वह शिक्षकों की स्वतन्त्रता में बाधा न डाले
(d) वह सदैव शिक्षकों के हित की सोचे

**7. विभिन्न राज्यों में से विज्ञान के प्रतिभाशाली बालकों की पहचान करने के लिए जिस परीक्षा का आयोजन किया जाता है उसे कहते हैं–**

(a) नेट परीक्षा (b) स्लॉट परीक्षा
(c) एस.टी.एस. परीक्षा (d) गणित ओलम्पियाड परीक्षा

**8. अनौपचारिक शिक्षा की व्यवस्था की गयी है–**

(a) 6 से 11 वर्ष के बालकों के लिए
(b) 9 से 14 वर्ष के बालकों के लिए
(c) 15 से 35 आयु वर्ग के लिए
(d) उपर्युक्त में से किसी के लिए भी नहीं

**9. महात्मा गांधी ने जिस शिक्षा व्यवस्था का समर्थन किया था, वह कहलाती है–**

(a) बाल-केन्द्रित शिक्षा (b) मनोविज्ञान आधारित शिक्षा
(c) मूलभूत शिक्षा (d) कार्योन्मुखी शिक्षा

**10. किस काल में नालन्दा शिक्षा का महत्वपूर्ण केन्द्र था?**

(a) वैदिक काल में (b) बौद्ध काल मे
(c) मुगल काल में (d) ब्रिटिश काल में

**11. आपके विचार से एक योग्य प्रधानाचार्य में निम्न में से किस गुण का होना आवश्यक है?**

(a) वह उच्च अधिकारियों तथा प्रबन्ध तन्त्र से जुड़े व्यक्तियों को प्रसन्न रख सके
(b) समय-समय पर अध्यापक अभिभावक सम्मेलन आयोजित करे एवं विद्यालय के गुणात्मक विकास हेतु सुझाव आमन्त्रित करे
(c) अपने कार्य में दक्ष हो
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12. आपकी कक्षा में सुन्दर किशोरी पढ़ती है। अध्यापक के रूप में आप उसके साथ व्यवहार करेंगे–**

(a) सामान्य
(b) निष्पक्ष
(c) अच्छा
(d) अपनी ओर आकर्षित करना

**13. आपकी कक्षा में दो-चार गुण्डे प्रकार के छात्र हैं अध्यापक के रूप में आप उनके साथ सम्बन्ध रखेंगे–**

(a) बहुत-घनिष्ठ (b) सामान्य
(c) सुधारात्मक (d) विद्वेषपूर्ण

**14. अध्यापक तथा छात्रों के मध्य मधुर अन्तः- वैयक्तिक सम्बन्ध छात्रों की शैक्षिक निष्पत्तियों को प्रभावित करते हैं-**

(a) अनुकूल दिशा में (b) प्रतिकूल दिशा में
(c) किसी भी तरह नहीं (d) कभी-कभी

**15. अध्यापक के रूप में आप विद्यालय में काफी शोर करते हैं क्योंकि–**

(a) प्रधानाध्यापक के आप अत्यधिक प्रिय हैं
(b) आपके पास बहुत ट्यूशन हैं
(c) आपकी कोई नहीं सुनता
(d) प्रधानाध्यापक आपकी ओर ध्यान नहीं देते

**16. एक श्रेष्ठ अध्यापक वही है जो–**

(a) विद्यार्थियों में सर्वप्रिय है
(b) अपने साथी अध्यापकों में प्रिय है
(c) प्रधानाचार्य का प्रिय है
(d) छात्रों के सर्वांगीण विकास में संलग्न है

**17. श्रेष्ठ अध्यापक गण अपना सर्वाधिक समय व्यतीत करते हैं–**

(a) राजनीति में
(b) ट्यूशन करने अथवा कोचिंग संस्थाओं के संचालन में
(c) ज्ञानार्जन में
(d) अपने साथी अध्यापकों के साथ गप-शप करने में

**18. अध्यापक व्यवसाय ही ऐसा व्यवसाय है जिसमें–**

(a) व्यक्ति सादगीपूर्ण जीवन व्यतीत करता है
(b) आराम अधिक है
(c) व्यक्ति आदर्शवादी बनता है
(d) व्यक्ति अभिभावकों से श्रेष्ठ सम्बन्ध बनाने में सक्षम होता है

**19. कक्षा में विद्यार्थियों का ध्यान बनाये रखने के लिए निम्न में से सर्वाधिक अच्छी विधि है–**

(a) विद्यार्थियों से बार-बार कहा जाये कि वह ध्यान दें
(b) यह ज्ञात करना कि वह क्या कर रहे हैं
(c) छात्रों की हंसी उड़ायी जाए
(d) पाठ को अधिक रोचक बनाया जाए

**20. प्राय: शिक्षण व्यवसाय में वे ही व्यक्ति आते हैं, जो**

(a) धार्मिक आस्था से युक्त होते हैं
(b) जिनकी शैक्षिक उपलब्धि औसत होती है
(c) जिनकी आस्था शिक्षण कार्य में होती है
(d) संकुचित विचारों के होते हैं

**21. शिक्षण व्यवसाय तभी उन्नत हो सकता है जब–**

(a) शिक्षक सृजनात्मक विधियों से पढ़ाए
(b) वेतन योग्यतानुसार मिले
(c)शिक्षक स्वयं नए प्रयोग करे और नई विधियां निकाले
(d) जिसके सामने छात्र शान्तिपूर्ण पढ़ते रहे

**22. छात्रों में रटने की आदत कम करने हेतु आप क्या सुझाव देना चाहेंगे ?**

(a) मूल्यांकन में परिवर्तन का
(b) परीक्षा विधि में परिवर्तन का
(c) शिक्षण विधि में परिवर्तन का
(d) छात्रों में रुचि परिवर्तन का

**23. समय-समय पर शिक्षा अधिकारियों द्वारा स्कूलों का निरीक्षण होना चाहिए, क्योंकि इससे–**

(a) स्कूलों में स्वस्थ वातावरण बनाने की ओर ध्यान दिया जाता है, सफाई हो जाती है और सब काम पूरे हो जाते हैं।
(b) निरीक्षण के भय से कुछ न कुछ अच्छे काम होते ही हैं
(c) स्कूल में अनुशासन बना रहता है
(d) उपर्युक्त सभी

**24. कक्षा शिक्षण में छात्रों की सहभागिता निर्भर है–**

(a) कक्षा गृह के आकर्षक होने पर
(b) छात्रों में उत्साह लाने पर
(c) शिक्षण विधि पर
(d) शिक्षण की विद्वता पर

**25. वन्य-जीवन पर एक पाठ पढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी शिक्षण सामग्री उपयुक्त होगी?**

(a) चित्र (b) स्लाइड
(c) फिल्म (d) मॉडल

**26. प्रधानाचार्य होने के नाते आप किस प्रकार की पत्रिका अपने विद्यालय के पुस्तकालय में नहीं मंगवाएंगे–**

(a) जिसमें अत्यधिक आकर्षक चित्र हों
(b) जिसमें नवीन प्रयोगों के विषय में जानकारी हो
(c) जिसमें कारक और तथ्यों के सम्बन्ध में विवेचना हो
(d) जिसमें सामाजिक कल्याण सम्बन्धी जानकारी हो

**27. आपके विचार में विद्यार्थियों के विकास पर किन जीवनियों का अधिक प्रभाव पड़ता है?**

(a) वैज्ञानिकों की (b) शिक्षकों की
(c) राजनीतिज्ञों की (d) महान विचारकों की

**28. शिक्षण व्यवसाय में शिक्षण की सफलता के लिए निम्न में से महत्वपूर्ण है–**

(a) समुदाय की सम्पन्नता
(b) शिक्षक की शिक्षण कुशलता
(c) शिक्षक की शैक्षिक योग्यता
(d) प्राचार्य का सहयोग

**29. निम्नांकित में से शिक्षक का कौन-सा निजी गुण, शिक्षण को प्रभावित नहीं करता है?**

(a) संवदेनशीलता (b) सामाजिक कुशलता
(c) दयालुता (d) प्रबन्धन क्षमता

**30. वर्तमान समय में भारत में शिक्षा के क्षेत्र में विकास किया जाता है–**

(a) शिक्षा मन्त्रालय द्वारा
(b) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा
(c) मानव संसाधन विकास मन्त्रालय द्वारा
(d) एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा

## खण्ड ( ब ) हिन्दी

**निर्देश : ( प्रश्न सं० 31 से 36 ) नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उचित उत्तर वाले विकल्प को चुनिए–**

मां तुम्हारा ऋण बहुत है मैं अकिंचन
किंतु फिर भी कर रहा इतना निवेदन
थाल में लाऊं सजाकर भाल जब भी
कर दया स्वीकार लेना वह समर्पण ।
मां मुझे बलिदान का वरदान दे दो
तोड़ता हूं मोह का बंधन क्षमा दो
आज सीधे हाथ में तलवार दे दो
और बाएं हाथ में ध्वज को थमा दो ।
सुमन अर्पित चमन अर्पित
नीड़ का कण -कण समर्पित
चाहता हूं देश की धरती तुझे कुछ
और भी दूं ।

**31. 'मां' संबोधन किसके लिए है?**

(a) मातृभूमि के लिए (b) देवी दुर्गा के लिए
(c) जननी के लिए (d) पृथ्वी के लिए

**32. कवि निवेदन कर रहा है कि :**

(a) उसके जीवनदान को स्वीकार किया जाए
(b) उस पर दया की जाए
(c) उसे ऋण चुकाने का अवसर मिले
(d) वह मूल्यवान थाल में माथा सजाकर लाए

**33. 'नीड़ का कण-कण समर्पित' कथन में नीड़ का आशय है:**

(a) झोपड़ी (b) महल
(c) तिनके (d) घर-परिवार

**34. "चाहता हूं देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूं कथन में 'कुछ और' से तात्पर्य है कि कुछ ऐसा दिया जाए जो :**

(a) ब्याज चुकाने से बेहतर हो
(b) थाल में दी जाने वाली भेंट से अच्छा हो
(c) ऋण चुकाने से बढ़कर हो
(d) बलिदान से भी बढ़कर हो

**35. 'अकिंचन' का अर्थ है :**

(a) परमदुखी (b) अति निर्धन
(c) ऋणी (d) बेसहारा

**36. 'बलिदान' शब्द से बना विशेषण है :**

(a) आत्मबलि (b) बलिदानी
(c) प्रबल दानी (d) बलवान

**निर्देश : ( प्रश्न सं० 37 से 51 ) नीचे दिए गए प्रश्नों सही/सबसे उचित उत्तर वाले विकल्प को चुनिए–**

**37. सरसरी तौर पर किसी पाठ को देखकर उसकी विषयवस्तु का पता कर लेना :**

(a) पढ़कर समझने का पहला प्रयास है
(b) पढ़ने की कुशलता का अंतिम पड़ाव है
(c) पढ़ने की-निम्न स्थिति को दर्शाता है
(d) पढ़ने की एक महत्वपूर्ण कुशलता है

**38. बच्चों के बोलना सीखने के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है ?**

(a) बच्चों को सुनने और बोलने के अधिक-से-अधिक अवसर देने चाहिए
(b) अपनी भाषा से इतर भाषाओं को सुनने के लिए मना करना चाहिए
(c) सभी बच्चों की बोलना एवं सुनना सीखने की गति समान होती है
(d) बच्चों को प्रारंभ से ही शुद्ध उच्चारण के प्रति सचेत रहना चाहिए

**39. भोजपुरीभाषी मोना 'श' को 'स' और 'र' को 'ड़' बोलती है । इसका सर्वाधिक संभावित कारण है–**

(a) मातृभाषा का व्याघात
(b) उच्चारणगत त्रुटि
(c) मातृभाषा से प्रेम
(d) हिन्दी भाषा की कठिनता

**40. कक्षा–III की शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को पाठ्य- पुस्तक से इतर भिन्न-भिन्न प्रकार के बाल-साहित्य पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है, क्योंकि वह चाहती है कि बच्चे :**

(a) बाल-साहित्य के प्रकाशकों के बारे में जान सके
(b) तरह-तरह की विधाओं से परिचित हो सकें
(c) विभिन्न बाल-साहित्यकारों के नाम जान सकें
(d) अपनी पठन-क्षमता बढ़ा सकें

**41. उच्च प्राथमिक स्तर पर व्याकरणिक पक्षों, शब्दों की बारीकियों के आंकलन के संदर्भ में सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है:**

(a) पाठ्य-पुस्तकीय व्याकरण के नियम जानना
(b) शब्दकोशीय शब्द-संपदा का ज्ञान
(c) परिभाषाओं को जानना
(d) संदर्भ में व्याकरण समझना

**42. आपने अपने विद्यार्थियों को एक प्रश्न दिया है- "घर से विद्यालय आने तक आप रास्ते में जो-जो चीजें देखते हैं, उन्हें लिखें।" आपकी कक्षा में एक विद्यार्थी दृष्टि-बाधित है। आप :**

(a) प्रश्न में उस बच्चे की आवश्यकता के अनुसार परिवर्तन करेंगी
(b) स्वयं प्रश्न का उत्तर लिखकर देगी
(c) उसे इस प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए मना करेगी
(d) उसे कहेगी कि अपने सहपाठी से पूछकर लिख लो

**43. उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चों की भाषाई क्षमताओं का आंकलन करने के लिए सर्वाधिक उपयोगी है :**

(a) पाठ में आई कहानी को आगे बढवाना
(b) पाठ के व्याकरण की जांच-परख करना
(c) पाठांत प्रश्नों के उत्तर लिखवाना
(d) पाठ की विषयवस्तु को लिखवाना

**44. "बच्चे अपने चारों ओर लिखित सामग्री का जितना उपयोग होते देखेंगे उतनी ही लिखित भाषा के प्रति उनकी समझ सहज रूप से बनती चली जाएगी।" उपर्युक्त कथन का निहितार्थ है :**

(a) बच्चों को श्यामपट्ट पर लिखे हुए तथ्य अपनी कॉपी में लिखने के अधिकाधिक अवसर देने चाहिए
(b) बच्चों को अपने इर्द-गिर्द विज्ञापन, होर्डिंग्स, कैलेंडर, बाल-साहित्य, सूचियां आदि देखने-पढ़ने के अवसर मिलते रहने चाहिए
(c) बच्चों की पाठ्य-पुस्तकों में बहुत-से पाठ होने चाहिए
(d) बच्चों को गृहकार्य में लेखन -संबंधी कार्य ही देना चाहिए

**45. 'भाषा अर्जन' के बारे में कौन -सा कथन सही है?**

(a) यह विद्यालय में ही होता है
(b) यह परिवार में ही होता है
(c) यह सहज होता है
(d) यह कठिन होता है

**46. निम्नलिखित में से किस स्थिति में आप कहेंगे कि 'पठन' हो रहा है?**

(a) ध्वनि का उतार-चढ़ाव
(b) उचित गति एवं प्रवाह
(c) अनुमान के साथ भाव ग्रहण
(d) प्रत्येक शब्द का सही उच्चारण

**47. उच्च माध्यमिक स्तर पर हिन्दी भाषा की पाठ्य-पुस्तक में हिन्दीतर भाषाओं की रचनाओं को भी स्थान देने का मुख्य उद्देश्य है :**

(a) अन्य भाषाओं के साथ तुलना करना
(b) अन्य भाषाओं के उत्कृष्ट साहित्य से परिचित करना
(c) अन्य भाषाओं के व्याकरण से परिचित कराना
(d) अन्य भाषाओं के रचनाकारों से परिचित

**48. बच्चों की सशक्त लेखन क्षमता का परिचायक है :**

(a) मौलिक विचार
(b) आलकारिक भाषा
(c) सुंदर लिखावट
(d) सशक्त वाक्य-विन्यास

**49. मुहावरे और लोकोक्तियां सीखने-सिखाने का एक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है:**

(a) कोश से मुहावरा एवं लोकोक्ति का अर्थ देखना
(b) मुहावरे एवं लोकोक्तियों का निर्माण करना
(c) मुहावरे एवं लोकोक्तियों का उचित प्रयोग करना
(d) मुहावरे एवं लोकोक्तियों का अर्थ बताना

**50. निम्नलिखित में से किस प्रकार के प्रश्न बच्चों की भाषागत रचनात्मकता का आंकलन करने में सर्वाधिक रूप से उपयुक्त होंगे?**

(a) 'सही कथन पर निशान लगाओ' वाले प्रश्न
(b) बहुविकल्पीय प्रश्न
(c) मुक्त अंत वाले प्रश्न
(d) एक शब्द में उत्तर वाले प्रश्न

**51. तपस्या सातवीं कक्षा में विभिन्न संदर्भो में 'पृथ्वी' 'वसुधा' और 'भूमि' शब्दों के प्रयोगों की तरफ बच्चों का ध्यान आकर्षित करती है। ऐसा करने में उसका उद्देश्य है :**

(a) पर्यायवाची शब्दों की परिभाषा देना
(b) भाषा का व्याकरणिक ज्ञान देना
(c) शब्द-भण्डार का विकास कराना
(d) हिन्दी की बारीकियां समझाना

**निर्देश : (प्रश्न सं० 52 से 60) नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उचित उत्तर वाले विकल्प को चुनिए–**

उत्तर भारत के संत कवि कबीर और दक्षिण भारत के संत कवि तिरुवल्लुवर के समय में लगभग दो हजार वर्ष का अंतराल है किंतु इन

दोनों महाकवियों के जीवन में अद्‌भुत साम्य पाया जाता है। । दोनों के माता-पिता ने जन्म देकर इन्हें त्याग दिया था, दोनों का लालन-पालन निस्संतान दंपतियों ने बड़े स्नेह और जतन से किया था । व्यवसाय से दोनों जुलाहे थे । दोनों ने सात्विक गृहस्थ जीवन की साधना की थी । तिरुवल्लुवर का प्रामाणिक जीवन-वृत्तांत प्राप्त नहीं होता। प्राय: उन्हें चेन्नई के निकट मइलापुर गांव का जुलाहा माना जाता है किंतु कुछ लोगों के अनुसार वे राजा एल्लाल के शासन में एक बड़े पदाधिकारी थे और उन्हे वैसा ही सम्मान प्राप्त था जैसा चन्द्रगुप्त के शासनकाल में चाणक्य को । उनके बारे में अनेक दन्त कथाएं प्रचलित है । जैसे कहा जाता है कि एक संन्यासी नारी जाति से घृणा करता था । उसका विश्वास था कि स्त्रियां बुराई की जड़ है और उनके साथ ईश्वर-भक्ति हो ही नहीं सकती । तिरुवल्लुवर ने बड़े आदर से उसे अपने घर बुलाया । दो दिन उनके परिवार में रहकर संन्यासी के विचार ही बदल गए । उसने कहा, "यदि तिरुवल्लुवर और उनकी पत्नी जैसी जोड़ी हो तो गृहस्थ जीवन ही श्रेष्ठ है ।"

कबीर के दोहों की भांति तिरुवल्लुवर ने भी छोटे छंद में कविता रची जिसे 'कुरल' कहा जाता है । कुरलों का संग्रह 'तिरुक्कुरल' उनका एकमात्र ग्रंथ है । तिरुक्कुरल को तमिल भाषा का वेद माना जाता है। इसका प्रत्येक कुरल एक सूक्ति है और ये सूक्तियां सभी धर्मों का सार है। संपूर्ण मानवजाति को शुभ के लिए प्रेरित करना ही इसका उद्देश्य प्रतीत होता है। जैसे धर्म के बारे में दो कुरलों का आशय है–

**1.** भद्र पुरुषो! पवित्र मानव होना ही धर्म है स्वच्छ मन वाले बनो और देखो तुम उन्नति के शिखर पर कहां-से-कहां पहुंच जाते हो ।

**2.** झूठ न बोलने के गुण को ग्रहण करो तो किसी अन्य धर्म की आवश्यकता ही न रहेगी

**52. यदि कबीर का समय पंद्रहवीं शताब्दी ईसवी है तो तिरुवल्लुवर का समय होगा:**

(a) लगभग 500 वर्ष ई० पू०
(b) लगभग पहली सदी ईसवी
(c) लगभग 1500 वर्ष ई० पू०
(d) लगभग 1000 वर्ष ई० पू०

**53. तिरुवल्लुवर के अनुसार श्रेष्ठ धर्म है:**

(a) मंदिरों में जाना
(b) किसी अन्य धर्म की आवश्यकता न रहना
(c) ईश्वर में आस्था होना
(d) मन से पवित्र होना

**54. 'तमिल' किस देश-प्रदेश की भाषा है?**

(a) केरल (b) कर्नाटक
(c) श्रीलंका (d) तमिलनाडु

**55. जो संबंध चंद्रगुप्त का चाणक्य से था वही संबंध–**

(a) एल्लाल का तिरुवल्लुवर से था
(b) तिरुवल्लुवर का एल्लाल से था
(c) चाणक्य का चंद्रगुप्त से था
(d) चंद्रगुप्त का एल्लाल से था

**56. तिरुवल्लुवर और कबीर में साम्य के बिंदु हैं:**

(A) जन्म के बाद माता-पिता के द्वारा त्याग देना
(B) एक-से छंद में कविता करना
(C) जुलाहे का व्यवसाय करना
(D) नारी जाति से घृणा करना

**सही विकल्प को चुनिए–**

(a) (B) तथा (C) (b) (A) तथा (B)
(c) (A), (B) तथा (C) (d) (A), (B) तथा (D)

**57. नारी जाति से घृणा करने वाले संन्यासी के विचार तिरुवल्लुवर ने कैसे बदले?**

(a) अपनी गृहस्थी का साक्षी बनाकर
(b) उसका स्वागत-सत्कार करके
(c) सुंदर उपदेश देकर
(d) अपनी. रचनाएं सुनाकर

**58. 'ईश्वर-भक्ति' शब्द का विग्रह और समास होगा :**

(a) ईश्वर रूपी भक्ति--कर्मधारय
(b) ईश्वर की भक्ति करता हो जो-बहुब्रीहि
(c) ईश्वर और भक्ति-द्वंद्व
(d) ईधर की भक्ति-तत्पुरुष

**59. किसी धर्म की आवश्यकता कब नहीं रह जाती?**

(a) झूठ को त्याग देने पर
(b) ईश्वर की शरण मांग लेने पर
(c) नास्तिक हो जाने पर
(d) धर्म पर विश्वास न होने पर

**60. 'स्नेह' और 'जतन' शब्द क्रमश: है:**

(a) देशज और आगत (b) आगत और तद्‌भव
(c) तत्सम और तद्‌भव (d) तद्‌भव और देशज

## खण्ड ( स ) अंग्रेजी

**Directions :** *Read the passage given below and answer the questions that follow* **(Q. Nos. 61 to 67)** *by selecting the* **correct/most appropriate** *options.*

Where does all our garbage disappear once it leaves our homes? There are four methods of managing waste: recycling, land filling, composting and burning. Each method has its strengths and weaknesses.

Recycling is the process of turning waste into new materials. For example, used paper can be turned into paperboard, which can be used to make book covers. Recycling can reduce pollution, save materials and lower energy use. Some argue that collecting, processing and converting waste uses more than it saves.

Landfilling is the oldest method of managing waste. Landfilling is to bury garbage in a hole. Over a period of time the process of land filling has advanced. Garbage is compacted before it is thrown into the pit. In this way garbage can fit in each landfill. Large garbage bags are placed at the bottom of a landfill so that toxic garbage juice does not get into the ground water. But in spite of the bags, landfills may pollute the underground water. Not to mention that all garbage stinks. Nobody wants to live next to a landfill.

As landfill space increases, interest in composting grows. Composting is when people pile up organic matter, such as food waste, and allow it to decompose. The product of this decomposition is compost. Compost can be added to the soil to make the soil richer and better for growing crops.

One thing that is easier to do is burnil garbage. There are two main ways to burnil waste. The first is to harvest fuel from waste. The second is to burn the was tedirectly; the heat from this burning process can boil water, which can power steal generators. Unfortunately, burning garbage pollutes the air.

**61. Garbage recycling :**

(a) wastes a lot of energy
(b) uses more energy than it save
(c) saves a lot of energy
(d) saves only a little energy

**62. Consider the following statements :**

A. Landfilling does not allow waste and air pollution.
B. Composting is better that landfilling.

**Which of the above statements is/are true?**

(a) Neither A nor B (b) Both A and B
(c) Only A (d) Only B

**63. It is safe to dispose of garbage through :**

(a) recycling and composting
(b) burning and landfilling
(c) recycling and burning
(d) composting and burning

**64. Consider the following statements :**

A. We do not use any energy in the process of composting.
B. Burning can be a source of energy.

**Which of the above statements is/are true?**

(a) Only A (b) Only B
(c) Both A and B (d) Neither A nor B

**65. Compacting of garbage is done to :**

(a) save space (b) avoid soil pollution
(c) protect groundwater (d) remove the stink

**66. "The process of <u>turning</u> waste "the word 'turning' is a/an :**

(a) adjective (b) participle
(c) noun (d) verb

**67. "There are two main ways to burn <u>waste.</u>"**
**The underlined word is a :**

(a) participle (b) gerund
(c) noun (d) verb

**Directions :** Answer the following questions **(Q. Nos. 68 to 82)** by selecting the **correct/most appropriate** options.

**68. When children are introduced to English as a second language :**

(a) They should begin writing first.
(b) They should read first.
(c) They should begin with letters of alphabet.
(d) They should be exposed to language orally.

**69. Eclecticism in language teaching refers to using :**

(a) technology to teach language
(b) all the methods to teach language
(c) appropriate strategies from various methods of teaching
(d) the best method of teaching

**70. Which of the following approaches/ methods advocates linguistic competence and performance?**

(a) Structural approach
(b) Communicative approach
(c) Grammar-translation method
(d) Direct method

**71. Global listening is not listening :**

(a) for improving recognition of spoken text
(b) for specific information
(c) without being constrained by preset questions or tasks
(d) at different levels of comprehension

**72. Which of the following activities needs to be taken care of for helping non-native speakers to produce the sounds of the target language?**

(a) Maintaining interference the regional interference.
(b) Distinguishing the vowel from consonant sounds
(c) Imitating the way a native speaker produces sounds
(d) Ensuring that the words spoken are intelligible to others

**73. The concept of Transformative Generative Grammar was given by :**

(a) Piaget (b) Bruner

(c) Ferdinand Saussure (d) Noam Chomsky

**74. Tail question also refers to :**

(a) most important question

(b) follow-up question

(c) question-tag

(d) insignificant question

**75. A teacher of Class VII while teaching the poem, The Solitary Reaper by William Wordsworth asks children to find how the last words of each line sound. What is she trying to draw the attention of learners to?**

(a) Vocabulary (b) Theme of the poem

(c) Spelling of words (d) Rhyme scheme

**76. To help the students overcome the problems of spelling mistakes, the teacher will use____as the teaching strategy.**

(a) dictation (b) loud reading

(c) brain storming (d) pronunciation drill

**77. Grammar-Translation method of teaching English heavily relies on :**

(a) language use as the main focus

(b) form-focussed teaching

(c) meaning-focussed teaching

(d) direct teaching as a strategy for learning

**78. Language proficiency refers to :**

A. fluency B. accuracy

C. appropriateness D. efficiency

**Which of the above are true?**

(a) A, C and D (b) A, B and D

(c) A, B and C (d) B, C and D

**79. Written description of a child's progress that a teacher keeps on a day-to-day basis is :**

(a) rating scale (b) rubric

(c) anecdotal record (d) portfolio

**80. A teacher of Class VI in a writing assessment task asked students to write on : "If I were famous for something ...". This is assessment of a/an____ answer.**

(a) descriptive (b) narrative

(c) extrapolative (d) factual

**81. A good language textbook should :**

A. contains learner-centred materials

B. contains teacher-friendly instruction and content-related materials

C. Incorporate language skills throughout

D. have more syntactical items in its content?

**Which of the above are true ?**

(a) A, C and D (b) B, C and D

(c) A, B and C (d) A, B and D

**82. Kavya notes down the errors committed by learners of the class and discusses them once in a fortnight. What is this practice known as?**

(a) Error correction (b) Providing feedback

(c) Evaluation (d) Assessment

**Directions :** Read the passage given below and answer the questions that follow **(Q. Nos. 83 to 90)** by selecting the **correct/most appropriate** options.

"Although India has a tradition of women warriors, participation in the Salt Satyagraha was their first appearance in any modern militant political campaign and I could hardly suppress my excitement at the enormity of the occasion and my own good fortune to be amongst the first. As I attached my name to the pledge to devote myself to my country's freedom battle, my hand shook a little under my tumultuous emotions. It seemed such a stupendous moment in my life, in the life of the women of my country. I felt I was tracing not the letters of my name, but recording a historic event. There was not much time for thought, however. The next instant we were filling out, taking the road to the sea, marching with quick steps. Great sky-rending cries or 'Jai' filled the air. Heavy scented flower garlands almost smothered us. From the balconies and roofs unseen hands showered rose-petals until the road became a carpet of flowers. Often our march was stopped and bright eyed women sprinkled rose water from silver sprays, tipped our palms with sandalwood paste and perfume and blessed us waving lights round our heads and faces for good omen."

The long narrrow strip of sand that borders the city like a white ribbon was transformed this morning into another sea — a sea of human faces that swayed and danced and bobbed about even as did the deep azure waves that rimmed the shore. The city seemed to have disgorged almost its entire population onto the sands. It was not the struggling batch of seven that was breaking the Salt Law, but hundreds and

thousands now filling the water's edge. And still they kept coming, thousands of women amongst them, striding like proud warriors, gracefully balancing their pitchers of moroon red earth and shimmering brass that scattered a thousand hues as the sunrays struck them. Even as I lit my little fire to boil the salt water, I saw thousands of fires aflame dancing in the wind. The copper pans sizzled in laughter while their bosome traced the white grains of salt as the heat lapped up the last drop of water.

**83. Participation in the Salt Satyagraha evoked in the author a feeling of :**

(a) fear (b) ecstasy
(c) pride (d) excitement

**84. The author took a pledge to :**

(a) be part of India's freedom struggle
(b) launch a literacy campaign
(c) fight against social evils
(d) serve the poor people of India

**85. The warm welcome given to the Satyagrahis showed :**

(a) people's hatred of the British
(b) general resentment against British exploitation of the people
(c) that the Indian people turn every event into a joyous occasion
(d) the full support of the people for breaking the Salt Law

**86. "A sea of human faces that swayed and danced " means :**

(a) a large number of enthusiastic people
(b) human faces resembling a sea
(c) people dancing while bathing
(d) people bathing and frolicking in the sea

**87. Women lighted their little fires on the seashore to :**

(a) express their anger against the British
(b) make tea and drink it to overcome their fatigue
(c) protect themselves from cold
(d) boil sea water to make salt

**88. The word which nearly means the same as 'stupendous' is :**

(a) influential (b) wonderful
(c) crucial (d) significant

**89. The word opposite in meaning to the word 'proud' as used in the passage is :**

(a) fawning (b) gentle
(c) humble (d) decent

**90. Which parts of speech is the underlined word in the following sentence.**
**"I could <u>hardly</u> suppress my excitement."**

(a) Conjunction (b) Pronoun
(c) Adverb (d) Adjective

## खण्ड ( द ) गणित

**91. किसी परीक्षा में 60% छात्र हिन्दी में सफल होते हैं जबकि 50% छात्र अंग्रेजी में सफल होते हैं। यदि 40छात्र दोनों ही विषयों में सफल होते हैं तो कुल छात्रों की संख्या क्या है?**

(a) 250 (b) 350
(c) 400 (d) 450

**92. निम्नलिखित त्रिपद में से कौन पूर्ण वर्ग नहीं है, पहचानें–**

(a) $4a^2 + 20ab + 25b^2$ (b) $81a^2 + 72ab + 16b^2$
(c) $x^2 + 22x + 121$ (d) $49x^2 + 28x + 16$

**93. नीचे दिए गए व्यंजक का गुणनखण्ड होगा–**
**$49x^2 - 56xy + 16y^2$**

(a) $(7x - 4y)^2$ (b) $(7x)^2 - (4y)^2$
(c) $(-4y - 7x)^2$ (d) $(4y - 7x)^2$

**94. दो संख्याओं का अन्तर 11 है तथा उन संख्याओं के $\frac{1}{5}$ वें भाग का योग 9 है, तो संख्याएं हैं–**

(a) 31 एवं 20 (b) 30 एवं 19
(c) 29 एवं 18 (d) 28 एवं 17

**95. किसी संख्या के 60% में सें 60 घटाने पर 60 प्राप्त होता है वह संख्या है–**

(a) 100 (b) 150
(c) 200 (d) जानकारी अधूरी है

**96. रिक्त स्थान भरें–**

$$\left(a+\frac{1}{2}\right)^2 = ...............$$

(a) $a^2 + 2.a.\frac{1}{2}+\frac{1}{4}$ (b) $a^2 + 2a + \frac{1}{2}$
(c) $a^2 + c + \frac{1}{2}$ (d) $a^2 + a.\frac{1}{2}+\frac{1}{4}$

**97. 4 और 9 का मध्य समानुपाती होगा–**

(a) 36 (b) 6
(c) 72 (d) 18

**98. ₹ 500 का 5 सैकड़े की दर से 2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात करें–**
(a) ₹ 51.25 (b) ₹ 41.25
(c) ₹ 61.45 (d) इनमें से कोई नहीं।

**99. जब $x = 2$ तथा $y = 3$ है, तो $\frac{9x^2y^2}{3xy}$ का मान होगा–**
(a) 18 (b) 27
(c) 32 (d) 42

**100. यदि $1^2 + 2^2 + 2^2 = 3^2$**
**$5^2 + 7^2 + 35^2 = 36^2$**
**$6^2 + 7^2 + 42^2 = *^2$**
**में * का मान होगा–**
(a) 43 (b) 34
(c) 36 (d) 45

**101. रामू ने ₹ 9.50 प्रति किग्रा. की दर से 30 किग्रा. चावल खरीदा और ₹ 10.50 प्रति किलो की दर से 20 किलो चावल खरीदा। उसने दोनों को मिलाकर 20% लाभ हेतु बेच दिया। रामू का प्रति किलोग्राम विक्रय-मूल का आसन्नतः मान होगा–**
(a) ₹ 18 (b) ₹ 14
(c) ₹ 12 (d) ₹ 20

**102. एक आदमी स्थिर जल में 4 किमी. प्रति घंटा की गति से नाव चला सकता है। यदि धारा की गति 2 किमी. प्रति घंटा हो, तो 4 किमी. जाने एवं आने में उसे कुल कितना समय लगेगा?**
(a) 2 घंटा 16 मिनट (b) 5 घंटा 10 मिनट
(c) 2 घंटा 40 मिनट (d) इनमें से कोई नहीं

**103. एक दो अंकों की संख्या के अंकों का योग 10 है। अगर संख्या के अंकों की स्थिति बदल दी जाए, तो नई संख्या मूल संख्या से 18 अधिक हो जाती है, तो मूल संख्या क्या थी?**
(a) 28 (b) 37
(c) 46 (d) 64

**104. दो संख्याओं के म. स. और ल. स. का गुणनफल 375 है। यदि उनमें से एक संख्या 25 हो, तो दूसरी संख्या क्या है?**
(a) 17 (b) 25
(c) 5 (d) 15

**105. अगर कोई धन 10 वर्ष में तिगुना हो जाता है, तो साधारण ब्याज की दर क्या है?**
(a) 20% (b) 45%
(c) 30% (d) इनमें से कोई नहीं।

**106. किसी संख्या का एक चौथाई उसके एक-पांचवें से 3 अधिक है। उस संख्या के बड़े और छोटे अंक का अन्तर क्या है?**
(a) 10 (b) 3
(c) 16 (d) 8

**107. चार अंकों की-छोटी से छोटी-संख्या ज्ञात करें जो पूर्ण वर्ग हो–**
(a) 1000 (b) 1024
(c) 1048 (d) 1100

**108. 110 मीटर लम्बी एक ट्रेन विपरीत दिशा में 6 किमी. प्रति घंटा से दौड़कर आते हुए व्यक्ति के पास से 6 सेकेण्ड में गुजर जाती है, तो ट्रेन की गति क्या होगी?**
(a) 66 किमी./घंटा (b) 60 किमी./घंटा
(c) 62 किमी./घंटा (d) 64 किमी./घंटा

**109. एक अर्द्धवृत के आकार की एक खिड़की का व्यास 63 सेमी है इसकी परिमिति कितनी होगी?**
(a) 120 सेमी. (b) 162 सेमी.
(c) 198 सेमी. (d) 25 सेमी

**110.** $\sqrt{4-\sqrt{7}} + \sqrt{8+3\sqrt{7}}$ का मान होगा–
(a) $\sqrt{3}(7+1)$ (b) $\sqrt{2}+\sqrt{7}$
(c) $\sqrt{3}(\sqrt{2}+\sqrt{7})$ (d) $\sqrt{2}(\sqrt{7}+1)$

**111. अंशु के अंग्रेजी में प्राप्तांक, विज्ञान में प्राप्तांक के दोगुने हैं। इसके अंग्रेजी, विज्ञान और गणित में कुल प्राप्तांक 180 हैं। यदि अंग्रेजी और गणित के प्राप्तांकों में 2 : 3 का अनुपात है, तो विज्ञान में उसके कितने प्राप्तांक हैं?**
(a) 15 (b) 80
(c) 60 (d) 46

**112. 250 मी. × 50 मी. एक आयताकार क्षेत्र में मिट्टी की 10 सेमी. मोटी परत चढ़ानी है, इस कार्य के लिए कितनी मिट्टी की आवश्यकता होगी?**
(a) 1250 सेमी$^3$ (b) 1200 सेमी$^3$
(c) 2500 सेमी$^2$ (d) 500 सेमी$^3$

**113. एक समद्विबाहु त्रिभुज की परिमिति 20 सेमी है। यदि उसकी प्रत्येक भुजा आधार की दोगुनी है, तो त्रिभुज के तीनों भुजाओं की लम्बाई ज्ञात करें–**
(a) 4 सेमी, 8 सेमी, 8 सेमी
(b) 5 सोमी, 7.5 सेमी, 7.5 सेमी
(c) 6 सेमी, 7 सेमी, 7 सेमी
(d) 3 सेमी, 6 सेमी, 6 सेमी

**114. $7^{105}$ का इकाई अंक कितना है?**

(a) 5 (b) 7

(c) 9 (d) 1

**115. जब एक भिन्न के अंश में 4 बढ़ा दिया जाता है। तब भिन्न $\frac{2}{3}$ बढ़ जाता है। उस भिन्न का हर क्या है?**

(a) 6 (b) 5

(c) 3 (d) 4

**116. कक्षा-III का बच्चा 482 को चार सौ बयासी पढ़ता है लेकिन 40082 लिखता है। यह शिक्षक के लिए किस ओर संकेत करता है?**

(a) बच्चा कक्षा में एकाग्र नहीं है व ध्यान से नहीं सुनता

(b) बच्चा ध्यान से सुनता है लेकिन स्थानीय मान की समझ स्थापित नहीं कर पाया है

(c) बच्चा संख्या की अभिव्यक्ति के विस्तारित रूप व लघु रूप में भ्रमित है

(d) शिक्षक को स्थानीय मान विषय तब ही पढ़ाना चाहिए जब बच्चे संख्याओं को भली प्रकार लिखना सीख जाएं

**117. कक्षा V के विद्यार्थी समस्या $\frac{1}{2} \div \frac{1}{3}$ को सही तरीके से हल कर सकते थे, लेकिन वे इस समस्या का हल नहीं निकाल सकते थे कि ''आधे केक में कितने $\frac{1}{3}$ केक के टुकड़े हैं?'' इसका कारण है–**

(a) विद्यार्थियों का भाषा-विकास बहुत खराब है

(b) समस्या कक्षा V के लिए उच्च कठिनाई स्तर की है

(c) भिन्नों पर संक्रियाएं बिना संदर्भीकरण और भाषा सहायता पढ़ाई गई है।

(d) विद्यार्थी इन दो समस्याओं की गणितीय तुल्यता को समझने योग्य नही है

**118. पियाजे का विश्वास था कि सामाजिक अनुदेशन से सीखना होता है और गणित का एक शिक्षक पियाजे के सिद्धान्त में विश्वास करते हुए–**

(a) कक्षा में बहुत सारे हस्तपरिचालकों व प्रयोगशाला-गतिविधियों का प्रयोग करेगा

(b) सामूहिक परियोजना व सामूहिक परिचर्चा का प्रयोग करेगा

(c) विभेदित अनुदेशन का प्रयोग करेगा

(d) चॉक व टॉक पद्धति का प्रयोग करेगा

**119. रमा सम और विषम संख्याओं की संकल्पना को समझ नहीं पा रही है। उसकी संकल्पना को सुधारने के लिए शिक्षिका ने भिन्न रंग वाले कुछ 20 कंकड़ लिए और उससे उनके जोड़े बनाने के लिए कहा। साथ ही 1 से 20 तक संख्याओं को छांटने के लिए कहा जिन कंकड़ों के जोड़े बन पाए और जिनके जोड़े नहीं बन पाए। रमा–**

(a) चाक्षुष शिक्षार्थी है

(b) कायिक गणिक शिक्षार्थी है

(c) श्रव्य शिक्षार्थी है

(d) को व्यक्तिगत ध्यान की जरूरत है

**120. आंकड़ों के विश्लेषण सम्बन्धी विद्यार्थियों की समझ का आकलन के लिए सर्वाधिक उचित रूपात्मक कार्य है–**

(a) प्रश्नोत्तरी

(b) भूमिका निर्वाह (रोल प्ले)

(c) वर्ग-पहेली

(d) सर्वेक्षण-आधारित परियोजना

## खण्ड (इ) पर्यावरण अध्ययन

**121. रासायनिक उर्वरक कारखानों में कौन-सा प्रदूषण अधिक निकलता है?**

(a) सीसा (b) अमोनिया

(c) कार्बन मोनोऑक्साइड (d) सी.एफ.सी.

**122. कृषि क्षेत्र में वायु प्रदूषण के प्रमुख कारण हैं–**

(a) रासायनिक उर्वरक (b) रासायनिक कीटनाशक

(c) ट्रैक्टर (d) कृषि अपशिष्ट

**123. ईंधन के रूप में प्रयुक्त सम्पीडित प्राकृतिक गैस का प्रचलित नाम है–**

(a) सी. एफ. सी. (b) एल. पी. जी.

(c) सी. एन. सी. (d) सी. ओ.

**124. कोयला आधारित ताप विद्युत गृहों से कौन-सी गैस का सर्वाधिक सर्जन होता है?**

(a) सल्फर डाई-ऑक्साइड (b) कार्बन मोनोऑक्साइड

(c) नाइट्रस ऑक्साइड (d) सी. एफ. सी.

**125. किस उद्योग में विलायकों द्वारा सर्वाधिक वायु प्रदूषण होता है?**

(a) पेन्ट व पॉलिश (b) चीनी

(c) इस्पात (d) सीमेन्ट

**126. किस महानगर को 'स्मॉगी सिटी' कहा गया है?**

(a) दिल्ली (b) इन्दौर

(c) भोपाल (d) कोलकाता

**127. मोटर वाहनों से निकलने वाला कौन-सा प्रदूषण स्वास्थ्य पर घातक प्रभाव डालता है?**

(a) पारा (b) सीसा

(c) अमोनिया (d) क्लोरीन

**128. वायु प्रदूषण का दुष्प्रभाव है–**
(a) चक्रवात (b) अम्लीय वर्षा
(c) मूसलाधार वर्षा (d) आंधी

**129. महानगरों में होने वाला धूम कोहरा किसका परिणाम है?**
(a) वायु प्रदूषण (b) जल प्रदूषण
(c) नाभिकीय प्रदूषण (d) भूमि प्रदूषण

**130. ताप विद्युत गृहों से निकलने वाली राख से मुख्यतः होता है–**
(a) जल प्रदूषण (b) मृदा प्रदूषण
(c) ध्वनि प्रदूषण (d) विकिरण

**131. लगातार गहन कृषि का परिणाम होता है–**
(a) मृदा की उर्वरता बढ़ना
(b) मृदा में पोषक तत्वों की कमी
(c) मृदा अपरदन
(d) क्षारीयता

**132. अधिक सिंचित तथा सघन कृषि वाले भागों की मृदा में प्रायः किसका अभाव रहता है?**
(a) जिंक (b) मैंगनीज
(c) लौह-तत्व (d) ये सभी

**133. मृदा में उर्वरता बढ़ाने वाले सूक्ष्म जीव किससे नष्ट हो जाते हैं?**
(a) अधिक सिंचाई से (b) जीवनाशी रसायनों से
(c) कृषि यन्त्रों के प्रयोग से (d) उर्वरकों से

**134. महानगरीय कूड़ा-करकट पर आधारित जैविक खाद संयंत्र स्थापित है–**
(a) जयपुर में (b) भोपाल में
(c) लखनऊ में (d) अहमदाबाद में

**135. किस पादप को 'बंगाल का आतंक' कहा गया है?**
(a) जलकुम्भी (b) शैवाल
(c) गाजर घास (d) विलायती बबूल

**136. ध्वनि की तीव्रता को मापने की इकाई है–**
(a) वाट (b) जूल
(c) डेसीबल (d) कैलोरी

**137. अनिद्रा से ग्रस्त रोगियों की संख्या में तीव्र वृद्धि का कारण है–**
(a) जल प्रदूषण (b) वायु प्रदूषण
(c) शोर प्रदूषण (d) तापीय प्रदूषण

**138. समुद्रों में प्रदूषण का प्रमुख कारण है–**
(a) आणविक परीक्षण (b) तैलीय रिसाव
(c) उद्योग धन्धे (d) तटीय नगर

**139. समुद्री प्रदूषण के कारण नष्ट हो रहे हैं–**
(a) भूमध्यरेखीय वन (b) पतझड़ वन
(c) कोणधारी वन (d) मेग्रोव वन

**140. रेडियोधर्मिता से प्रदूषित स्थल के निकट वितरण करने वाले जीव-जन्तुओं में शिकायत होती है–**
(a) त्वचा हटने की (b) ट्यूमर की
(c) अन्धेपन की (d) बेहोशी की

**141. किस रेडियो सक्रिय तत्व के विकिरण से उपजाऊ मृदा भी नष्ट हो जाती है?**
(a) स्ट्रॉन्सियम (b) यूरेनियम
(c) थोरियम (d) उपर्युक्त सभी

**142. यूरेनियम खनन के दौरान विकिरण का उदाहरण है–**
(a) धनबाद खदानें (b) झरिया खदानें
(c) जादूगुड़ा खदानें (d) कोरापुट खदानें

**143. रेडियोसक्रिय तत्वों के विकिरण से उत्पन्न खतरों को कहा जाता है–**
(a) रेडियोसक्रिय खतरे (b) नाभिकीय खतरे
(c) विकिरण खतरे (d) आणविक खतरे

**144. सोना, पेट्रोलियम तथा कोयला उदाहरण है–**
(a) पहाड़ का (b) खनिज पदार्थ का
(c) जीवाश्म के (d) इनमें से कोई नहीं

**145. प्रदूषण के किस स्त्रोत से समुद्री चिड़ियों की सर्वाधिक मृत्यु होती है?**
(a) तैलीय प्रदूषण (b) वाहित मल
(c) औद्योगिक अपशिष्ट (d) रेडियो सक्रिय पदार्थ

**146. समुद्री सतह पर तेल के फैलाव को कहते हैं–**
(a) ऑयल कवर (b) ऑयल नेट
(c) ऑयल स्लिक (d) ऑयल फ्लोर

**147. अरब सागर में स्थित भारत का प्रमुख तेल उत्पादक क्षेत्र है–**
(a) बोम्बे हाई (b) दीव
(c) दमन (d) अलियाबेट

**148. निरन्तर होने वाले सामान्य शोर को दुष्प्रभावों के कारण कहते हैं–**
(a) मीठा जहर (b) धीमा जहर
(c) तीव्र जहर (d) स्थायी जहर

**149. किसी परिस्थितिकी तंत्र में उपस्थित अजैविक की मात्रा कहलाती है–**

(a) सफेन्द्रण (b) स्थाई अवस्था
(c) निर्जीव अवस्था (d) इनमें से कोई नही

**150. रेडियो सक्रिय तत्व है–**

(a) एल्युमीनियम (b) कैडमियम
(c) यूरेनियम (d) तांबा

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | (a) | **2.** | (d) | **3.** | (a) | **4.** | (a) | **5.** | (d) | **6.** | (b) | **7.** | (c) | **8.** | (b) | **9.** | (c) | **10.** | (b) |
| **11.** | (b) | **12.** | (b) | **13.** | (c) | **14.** | (a) | **15.** | (c) | **16.** | (d) | **17.** | (c) | **18.** | (a) | **19.** | (d) | **20.** | (c) |
| **21.** | (c) | **22.** | (c) | **23.** | (d) | **24.** | (c) | **25.** | (c) | **26.** | (a) | **27.** | (d) | **28.** | (b) | **29.** | (b) | **30.** | (c) |
| **31.** | (a) | **32.** | (c) | **33.** | (d) | **34.** | (d) | **35.** | (b) | **36.** | (b) | **37.** | (d) | **38.** | (a) | **39.** | (a) | **40.** | (d) |
| **41.** | (d) | **42.** | (a) | **43.** | (d) | **44.** | (b) | **45.** | (c) | **46.** | (c) | **47.** | (b) | **48.** | (a) | **49.** | (c) | **50.** | (c) |
| **51.** | (c) | **52.** | (a) | **53.** | (d) | **54.** | (d) | **55.** | (a) | **56.** | (c) | **57.** | (a) | **58.** | (d) | **59.** | (d) | **60.** | (c) |
| **61.** | (b) | **62.** | (d) | **63.** | (a) | **64.** | (c) | **65.** | (a) | **66** | (b) | **67.** | (c) | **68.** | (d) | **69.** | (c) | **70.** | (b) |
| **71.** | (b) | **72.** | (b) | **73.** | (d) | **74.** | (c) | **75.** | (d) | **76.** | (a) | **77.** | (b) | **78.** | (b) | **79.** | (c) | **80.** | (a) |
| **81.** | (c) | **82.** | (a) | **83.** | (d) | **84.** | (a) | **85.** | (d) | **86.** | (a) | **87.** | (d) | **88.** | (b) | **89.** | (c) | **90.** | (c) |
| **91.** | (c) | **92.** | (d) | **93.** | (a) | **94.** | (d) | **95.** | (a) | **96.** | (a) | **97.** | (b) | **98.** | (a) | **99.** | (a) | **100.** | (a) |
| **101.** | (c) | **102.** | (c) | **103.** | (c) | **104.** | (d) | **105.** | (a) | **106.** | (b) | **107.** | (b) | **108.** | (b) | **109.** | (b) | **110.** | (d) |
| **111.** | (b) | **112.** | (a) | **113.** | (a) | **114.** | (b) | **115.** | (a) | **116.** | (b) | **117.** | (c) | **118.** | (b) | **119.** | (d) | **120.** | (d) |
| **121.** | (b) | **122.** | (b) | **123.** | (c) | **124.** | (a) | **125.** | (a) | **126.** | (d) | **127.** | (b) | **128.** | (b) | **129.** | (a) | **130.** | (b) |
| **131.** | (b) | **132.** | (d) | **133.** | (b) | **134.** | (d) | **135.** | (a) | **136.** | (c) | **137.** | (c) | **138.** | (b) | **139.** | (d) | **140.** | (a) |
| **141.** | (a) | **142.** | (c) | **143.** | (a) | **144.** | (b) | **145.** | (a) | **146.** | (c) | **147.** | (a) | **148.** | (b) | **149.** | (c) | **150.** | (c) |